नाम : _____ अनुक्रमांक : _____

अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2026–27

नागरिकशास्त्र

कक्षा–12

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

निर्देश–

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं, प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों (एक वाक्य) में, प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय-I हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या 27 से 30 तक लघु उत्तरीय-II हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 100-125 शब्दों में, प्रश्न संख्या 31 एवं 32 दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

(iv) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. भारत ने शीत युद्ध से अलग रहने के लिए किस आन्दोलन की शुरुआत की ? **1**

(i) असहयोग आन्दोलन (iii) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(ii) गुटनिरपेक्ष आन्दोलन (iv) भारत छोड़ो आन्दोलन

2. सोवियत संघ के विघटन (1991) के बाद कितने गणराज्यों का उदय हुआ ? **1**

UPBoardHub

(i) 12 (ii) 10 (iii) 15 (iv) 18

3. अफगानिस्तान युद्ध किस नाम से पुकारा जाता है ? **1**

(i) ऑपरेशन एण्डचूरिंग फ्रीडम (iii) ऑपरेशन इराकी फ्रीडम
(ii) ऑपरेशन डेजर्ट फ्रीडम (iv) इनमें से सभी

4. आसियान किन देशों का संगठन है ? **1**

(i) दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का (iii) उत्तरी अमेरिका के देशों का
(ii) दक्षिण-एशिया के देशों का (iv) यूरोपीय देशों का

5. शिमला समझौता कब हुआ ? **1**

(i) सन् 1972 (ii) सन् 1970 (iii) सन् 1978 (iv) सन् 1977

6. निम्न में से कौन-सा देश संयुक्त राष्ट्र-संघ का प्रारंभिक सदस्य है ? **1**

(i) पाकिस्तान (ii) बांग्लादेश (iii) भारत (iv) नेपाल

7. प्रथम पंचवर्षीय योजना में मुख्यत: किस काल पर जोर दिया गया था ? **1**

(i) कृषि (ii) उद्योग (iii) खेल (iv) शिक्षा

8. कश्मीर के राजा हरिसिंह ने कब कश्मीर को भारत में शामिल करने की घोषणा की ? **1**

(i) 20 अक्टूबर, 1947 (iii) 26 अक्टूबर, 1947
(ii) 22 अक्टूबर, 1948 (iv) 21 अक्टूबर, 1950

9. संयुक्त राष्ट्र-संघ का मुख्यालय स्थित है– **1**

(i) न्यूयॉर्क में (ii) रोम में (iii) भारत में (iv) पेरिस में

10. बर्लिन की दीवार कब गिराई गई थी ? **1**

(i) सन् 2001 (ii) सन् 1991 (iii) सन् 1997 (iv) सन् 1989

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

1. स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत किन दो देशों के मध्य बँट गया था ? **2**
2. वारसा पैक्ट में कौन-कौन से महत्वपूर्ण देश शामिल थे ? **2**
3. शॉक थेरेपी की परिभाषा लिखिए। **2**
4. चीन की बदलती व्यवस्था के कोई दो कारण लिखिए। **2**
5. चीन में साम्यवादी क्रान्ति किसके नेतृत्व में हुई ? **2**
6. मुस्लिम लीग द्वारा दिया गया द्वि-राष्ट्र सिद्धान्त क्या है ? **2**
7. भारतीय जनसंघ का संस्थापक कौन था ? **2**
8. वामपंथी विचारधारा से आप क्या समझते हैं ? **2**
9. पंचशील का क्या अर्थ है ? **2**
10. आपातकाल की घोषणा किस प्रधानमंत्री के समय में हुई ? **2**

(लघु उत्तरीय प्रश्न-I)

1. हरित क्रान्ति के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए। **5**
2. लोकतंत्र में विपक्ष की क्या भूमिका होती है ? **5**
3. भारतीय संघ में देशी रजवाड़ों के विलय में सरदार पटेल की भूमिका की व्याख्या कीजिए। **5**
4. विश्व बैंक के किन्हीं दो कार्यों का उल्लेख कीजिए। **5**
5. 1965 के भारत-पाकिस्तान के युद्ध के कोई दो कारण बताइए। **5**
6. चीन की नई आर्थिक नीति की कोई दो असफलताएँ बताइए। **5**

(लघु उत्तरीय प्रश्न-II)

UPBoardHub

1. देशी रियासतों से आप क्या समझते हैं ? भारतीय संघ में इनके विलय में क्या कठिनाइयाँ आयीं ? **6**

2. सन् 1975 में ◌ाये ा गये राष्ट्रीय आपातकाल के कारणों एवं परिणामों की व्याख्या कीजिए। **6**

3. शीत युद्ध के दौरान शस्त्रीकरण एवं नि:शस्त्रीकरण के किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए। **6**

4. योजना आयोग एवं नीति आयोग में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **6**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

1. राष्ट्र निर्माण से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए। **8**

अथवा

एक ध्रुवीय व्यवस्था से आप क्या समझते हैं ? इसके प्रमुख कारणों की व्याख्या कीजिए।

2. भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्धों को किस प्रकार सुधारा जा सकता है ? अपने सुझाव दीजिए। **8**

◇◇◇◇◇